


दतिया में उपचुनाव के लिए पोलिंग बूथ के बाहर लगी लम्बी कतार दूसरे चित्र में विकलांग पुरुष को मतदान के लिए सहयोग करता सुरक्षाकर्मी

# दतिया में वोटिंग के लिए दिखा उत्साह, बूथों पर लगी कतार

संजीव कुमार शर्मा/रमाकान्त मिश्रा

**ग्वालियर/दतिया 30 जुलाई.** दतिया विधानसभा उपचुनाव के तहत आज सुबह 7:00 बजे से मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुई। शुरुआत में मतदान केंद्रों पर भीड़ थोड़ी कम रही लेकिन इसके बाद रफ्तार बढ़ी और लम्बी-लम्बी कतारें बूथों के बाहर लगी रहीं. जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया मतदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। दोपहर 3:00 बजे तक मतदान का आंकड़ा 62 प्रतिशत तक पहुंच चुका था, इसके बाद मौसम ने थोड़ी करवट ली और बारिश ने उमस को कम किया. हालांकि लोगों का हौंसला वोट के लिये कम नहीं रहा. छतरी लेकर भी पोलिंग बूथ तक आये. इस बार चुनाव मैदान में भाजपा और कांग्रेस के अलावा 9 राजनीतिक दलों के उम्मीदवार तथा 10 निर्दलीय प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा के आशुतोष तिवारी और कांग्रेस के घनश्याम सिंह के बीच है।







ग्रामीण क्षेत्रों में बसई जैसे अति-संवेदनशील इलाकों में भी मतदान की स्थिति पर प्रशासन ने संतोष जताया. हालांकि, कुछ मतदान केंद्रों पर वोट डालने के बाद मतदाताओं ने ईवीएम मशीन से निकलने वाली 'बीप' की आवाज काफी धीमी होने की शिकायत दर्ज कराई। 18 वर्ष की उम्र के युवाओं ने पहली वोट डाला.

**सड़क नहीं तो वोट नहीं, ग्रामीणों का बहिष्कार, प्रशासन ने मनाया**

बसई क्षेत्र के लखनपुर गांव से मतदान बहिष्कार की खबर सामने आई। लंबे समय से सड़क निर्माण न होने से नाराज ग्रामीणों ने 'सड़क नहीं तो वोट नहीं' का नारा देते हुए मतदान का पूरी तरह बहिष्कार कर दिया था। ?खबर मिलते ही एसडीएम अशोक अवस्थी तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाइश दी और समस्या के समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने अपना फैसला बदलकर लोकतंत्र के इस पर्व में भाग लिया।


## आशुतोष पहुंच पीताम्बरा, माडवीराजे, अवधेश ने डाला वोट

**दतिया 30 जुलाई.** सुबह मतदान शुरू होते ही राजनीतिक दिग्गजों और प्रत्याशियों की चहल-पहल बढ़ गई। कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह, पार्टी के वरिष्ठ नेता अवधेश नायक और घनश्याम सिंह की पुत्री मांडवी राजे ने सुबह-सुबह अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

दूसरी ओर, भाजपा उम्मीदवार आशुतोष तिवारी ने मतदान से पूर्व प्रसिद्ध मां पीताम्बरा माई के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और दतिया के विकास व जन-कल्याण की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने विभिन्न केंद्रों का दौरा किया। बूथ क्रमांक 158 पर पहुंचकर उन्होंने पोलिंग एजेंटों से मुलाकात की और दावा किया कि जनता का भरपूर समर्थन भाजपा को मिल रहा है। पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा एवं उनके पुत्र डॉ. सुकर्ण मिश्रा ने भी अपने बूथ पर पहुंचकर वोट डाला और क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा की जीत का पूर्ण विश्वास जताया।



## वोटर लिस्ट में पति का नाम, पत्नी का नहीं

**दतिया.** सुमन कुशवाहा अपनी बहू ममता कुशवाहा के साथ वोट डालने पहुंची थीं; सुमन ने तो मतदान कर दिया, लेकिन बहू का नाम सूची में नहीं मिला। इसी तरह बुजुर्ग दंपति कुसुम और हरगोविंद भी वोट डालने पहुंचे, जहां हरगोविंद का नाम तो मतदाता सूची में था, लेकिन उनकी पत्नी कुसुम का नाम सूची से गायब था।

## कलेक्टर बोले- कुछ जगह दिक्कत, तत्काल हुई दूर



**दतिया 30 जुलाई.** मॉक पोल में बदली गई मशीनें: जिला कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े ने बताया कि चुनाव से पूर्व मॉक पोल के दौरान 3 मतदान केंद्रों (बूथ संख्या 108, 186 और 290) पर वीवीपेट और कंट्रोल यूनिट में तकनीकी खराबी आई थी, जिन्हें पोलिंग एजेंटों व कैमरों की मौजूदगी में तुरंत बदल दिया गया।कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि कुछ स्थानों पर ईवीएम में गड़बड़ी की अफवाहें गलत पाई गईं और सभी 291 बूथों पर मतदान सुचारू व व्यवस्थित रूप से संचालित हुआ।

## बुजुर्ग वोटरों ने रोजगार को बताया मुद्दा

**दतिया 30 जुलाई.** दतिया विधानसभा उपचुनाव सिर्फ एक सीट का सवाल नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश की राजनीति में जनता के रोज़मर्रा के सवालों की आवाज़ बन चुका है। चुनाव के नतीजे 3 अगस्त को आएंगे, लेकिन इससे पहले मतदाताओं के मन में सड़क, पानी, बिजली, रोज़गार और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी चुनौतियां सबसे ऊपर हैं। विगत तीन बार से भाजपा की सरकार रही है, फिर भी ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल और बिजली की



समस्या जस की तस बनी हुई है। किसानों के लिए सिंचाई, खाद-बीज की उपलब्धता और फसल समर्थन जैसे मुद्दे ग्रामीण मतदाताओं को प्रभावित कर रहे हैं। बिजली के अनियमित बिल, पीने के शुद्ध पानी का अभाव और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से परिवारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। बेरोजगारी की वजह से युवा खेत छोड़कर शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। यह वास्तविकता चुनावी नारे से कहीं ज़्यादा वज़नदार है।

**पर्यटन धाम, पर रोजगार का संकट-** दतिया धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र है, फिर भी यहाँ बड़े कारखानों या उद्योगों का अभाव स्थानीय युवाओं को रोजगार के लिए बाहर जाने को मजबूर कर रहा है। पुरानी डालडा फैक्ट्री समेत कई इकाइयां बंद हो चुकी हैं और घाट इंडस्ट्रियल एस्टेट वीरान पड़ा है। ऐसे में शहरी मतदाता रोजगार, महंगाई और बुनियादी सेवाओं को अपने वोट का कसौटी बना रहे हैं। मतदान के दौरान बेहद गर्मी वाला वातावरण था, जिसके कारण अधिकारी और मतदाता दोनों परेशान दिखे, ऊपर से बार-बार बिजली का आना जाना मतदाता और मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करता रहा।

## पूर्व मंत्री ने कहा . . . जिसका मन मस्त उसके पास समस्त

**ग्वालियर/दतिया 30 जुलाई.** विधानसभा के उपचुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा अपने दतिया निवास स्थान माई की कृपा पहुंचे, जहां उनके समर्थकों का जमावड़ा नजर आया। पूर्व मंत्री से पत्रकारों ने कई सवाल किये जिसमें उन्होंने भाजपा की जीत का दावा तो किया लेकिन वह काफी इमोशनल भी नजर आए। जब इसको लेकर उनसे नव



भारत ने सवाल किया और इसका कारण पूछा तो उन्होनें बस इतना कहा कि जिसका मन मस्त है उसके पास समस्त है।

## लोकायुक्त ने रिटायमेन्ट से एक दिन पहले एई को रिश्वत लेते पकड़ा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 30 जुलाई.** लोकायुक्त की सख्त कार्रवाई के तहत नगर निगम के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर सुशील कटारे को

**नगर निगम में पदस्थ हैं सुशील कटारे**
**6 हजार की रिश्वत लेते दबोचा**

गुरुवार को नगर निगम कार्यालय में रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। यह गिरफ्तारी विशेष रूप से इसलिए चर्चित है क्योंकि आरोपी की सेवानिवृत्ति में केवल एक दिन शेष था। ठेकेदार सचिन पचौरी की शिकायत पर स्थानीय लोकायुक्त ने जांच शुरू की थी। पचौरी ने आरोप लगाया कि उनकी फाइल आगे बढ़ाने के



एवज में एई कटारे 36,000 रुपए की मांग कर रहे थे। जांच और शिकायत की पुष्टि के बाद लोकायुक्त ने ट्रैप की योजना बनाई। तथ्य यह है कि 28 जुलाई को कटारे ने शिकायतकर्ता से पहले ही 30,000 रुपए ले लिए थे, शेष 6,000 रुपए देने के लिए पचौरी गुरुवार को कार्यालय पहुँचा और जैसे ही कटारे ने राशि ली, पहले से तैनात टीम ने उन्हें रंगे हाथ धर दबोचा। मौके पर जब्त राशि का पंचनामा बनाया गया और लोकायुक्त ने आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को हिरासत में लिया। लोकायुक्त ग्वालियर के पुलिस अधीक्षक निरंजन शर्मा ने बताया कि मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी की खबर फैलते ही निगम परिसर में अफरा-तफरी मची और प्रशासन ने दोहराया कि नगर निगम में भ्रष्टाचार के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति लागू रहेगी। वहीं मामले से जुड़ी वित्तीय व अनुशासनात्मक जांचें जारी हैं।

गौरतलब है, लोकायुक्त की हाल की सक्रियता और नगर निगम में जीरो-टॉलरेंस नीति के निर्देशों के बीच यह मामला शासन और जनता के बीच भरोसे का सेतु है। प्रशासनिक विश्वसनीयता कायम रखने के लिए त्वरित गिरफ्तारी अच्छी पहल है।

## ग्वालियर को 'टेलीकॉम मैन्यूफेक्चरिंग जोन' बनाए जाने से मिलेगा रोजगार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 30 जुलाई ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया एवं विकसित भारत-2047 के संकल्प को नई गति देते हुए ग्वालियर में देश के पहले 'टेलीकॉम मैन्यूफेक्चरिंग जोन' की स्थापना की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए आज केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में 350 एकड़ में विकसित होने वाले इस अत्याधुनिक प्रोजेक्ट के लिए दूरसंचार विभाग, भारत सरकार एवं म. प्र. शासन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए ।

आज हुए इस ऐतिहासिक एमओयू पर MPCCI की ओर से देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री-नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय संचार मंत्री- ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री- डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया गया है ।

अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-सुरेश बंसल, उपाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-दीपक पमनानी एवं कोषाध्यक्ष-मनोज अग्रवाल (बाबा) ने कहा है कि ग्वालियर में देश के पहले टेलीकॉम मैन्यूफैक्चरिंग जोन की स्थापना तथा इसके लिए नई दिल्ली में हुए ऐतिहासिक एमओयू का हम हृदय से स्वागत करते है ।

पदाधिकारियों ने इसे अंचल के औद्योगिक इतिहास में एक नया 'मील का पत्थर' करार देते हुए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि ग्वालियर में लगभग 350 एकड़ भूमि पर 493 करोड़ रुपये की लागत से यह अत्याधुनिक औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा रहा है । इस परियोजना से ग्वालियर न केवल मध्य प्रदेश, बल्कि पूरे देश में टेलीकॉम उपकरणों और हाई-टेक इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा । पदाधिकारियों ने कहा है कि इससे ग्वालियर में भारी निवेश और रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे । साथ ही, इससे स्थानीय युवाओं के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हजारों नए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा होंगे तथा स्थानीय उद्योगों को नई दिशा मिलेगी ।

## शहीद ऊधम सिंह की पुण्यतिथि पर बसपा आज देगी श्रद्धांजलि

**ग्वालियर 30 जुलाई.** बहुजन समाज पार्टी जिला ग्वालियर द्वारा शुक्रवार को महान क्रांतिकारी शहीद ऊधम सिंह की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे शहीद ऊधम सिंह तिराहा, मेला ग्राउंड के पीछे आयोजित होगा। जिलाध्यक्ष हाकिम सिंह रजौरिया ने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से समय पर उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा अधिक से अधिक लोगों को सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शहीद ऊधम सिंह के राष्ट्र के प्रति अद्वितीय बलिदान को नमन करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प भी लेंगे।

**Kolhapur Municipal Corporation**
**City Water Supply & Drainage Division**

E-Tender (mahatenders.gov.in) Extension 2st

| Tender Notice No. | Publish date | News Paper name | Extension No. |
|---|---|---|---|
| ४१/२०२६-२७ | १५/०७/२०२६ | Navbharat (H) | १ |

Due to no Response for the above work, date Extension is being given From Date २९/०७/२०२६ to Date ०३/०८/२०२६.

The Terms & Conditions of Earlier Tender will be same.

## नाले में तब्दील हो रही स्वर्णरेखा नदी, कोर्ट ने नगर निगम और सरकार से मांगी रिपोर्ट

राशी भदौरिया

**ग्वालियर 30 जुलाई.** ग्वालियर की जीवन रेखा कही जाने वाली स्वर्ण रेखा नदी अब पूरी तरह नाले में तबदील हो चुकी है। 29 किमी लंबी यह नदी कभी शहर की जान हुआ करती थी लेकिन अब स्वर्ण रेखा नदी का नाम केवल सरकारी कागजों में ही है और निगम व प्रशासन की लापरवाही से यह एक नाला बन चुकी है। नाला बन चुकी यह नदी दोबारा नदी कब बनेगी ये तो प्रशासन ही बेहतर बता सकता है। हाल ही में स्वर्णरेखा नदी के बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की ग्वालियर



बेंच ने सख्त रुख अपनाया है। दरअसल अदालत में जस्टिस जी.एस. अहलूवालिया और जस्टिस अनुराधा शुक्ला की बेंच द्वारा विश्वजीत रतोनिया द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई की गई। इस याचिका में स्वर्णरेखा नदी के बढ़ते प्रदूषण और पुनर्जीवन से जुड़े कई सवाल उठाये गए थे। इस जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने नगर निगम और राज्य सरकार को डीपीआर की वर्तमान स्थिति और प्रगति की विस्तृत रिपोर्ट 14 दिनों के अंदर पेश करने को कहा है। इसके साथ ही अदालत ने अधिकारियों से पूछा है कि नदी में गिर रहे कचरे को रोकने और नदी की सफाई के लिए भविष्य की क्या योजना बनाई गई है। इस मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त 2026 को तय की गई है।

**क्या है स्वर्णरेखा नदी के नाला बनने के कारण**

स्वर्णरेखा नदी के नाला बनने और दूषित होने का मुख्य कारण औद्योगिक कचरा है। नदी के आस पास लोगों ने अवैध कब्ज़े कर घरों का निर्माण कर लिया है। इन घरों का कचरा सीधे नदी में जाता है जिस कारण नदी में गंदगी का स्तर लगातार बढ़ रहा है।

**सरकार के प्रयासों के बाद भी नहीं सवर रही स्वर्णरेखा नदी**

सरकार ने स्वर्णरेखा नदी को संवारने के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए हैं। नदी को संवारने के नाम पर कई योजनाए और संरक्षण परियोजनाएं अपनाई गई। इन योजनाओं के तहत नदी को पहले तो मूल रूप से सीमेंटेड कराने की योजना थी लेकिन फिर कभी यह नदी के रूप में नहीं रह पाई।

**कार्यालय ग्वालियर विकास प्राधिकरण, ग्वालियर (म.प्र.)**

क्रमांक/ग्वा.वि.प्रा./आनन्द नगर/सम्पदा/2026/5245 — ग्वालियर, दिनांक : 21-07-2026
रेरा पंजीयन क्र. /P-GWL-18-1821

**आनन्द नगर ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट्स**

EWS फ्लैट क्रय करने का सुनहरा अवसर

ग्वालियर विकास प्राधिकरण की **आनंद नगर योजना** में निर्मित ई.डब्ल्यू.एस. इकाईयों (फ्लेट्स) हेतु पंजीयन आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं।

| सं. क्र. | इकाई का विवरण/ फ्लैट क्रमांक | संख्या | आरक्षण की स्थिति | प्रत्येक इकाई का बिल्टअप एरिया व.मी. में | फ्लैट इकाई की कीमत राशि रुपये |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट्स क्रमांक 307, 407 | 02 | अनारक्षित | 32.50 | 14,20,965/- |

उपरोक्त सम्पत्तियों के पंजीकरण हेतु इच्छुक व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन पोर्टल https://vikaspradhikaran.mponline.gov.in/ के माध्यम से दिनांक 31-07-2026 से दिनांक 20-08-2026 तक पंजीयन दस्तावेज शुल्क रुपये 1000+180 जी.एस.टी. सहित कुल रुपये 1,180/- तथा 10 प्रतिशत पंजीयन राशि का ऑनलाईन भुगतान कर आवेदन किया जा सकता है। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 20-08-2026 सायं 3:00 बजे तक निर्धारित की गई है। लॉटरी की सूचना आवेदकों को पृथक से दी जावेगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर सकते हैं।

नोट :- 1. आवेदन केवल ऑनलाईन पोर्टल https://vikaspradhikaran.mponline.gov.in/ के माध्यम से ही स्वीकार की जावेगी।
2. आवेदनकर्ता के ऊपर म.प्र. शासन / प्राधिकरण के नियम तथा व्ययन नियम 2018 के साथ-साथ भविष्य में लागू नियम प्रभावशील होंगे।
3. आवेदन के साथ ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का आय प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

सम्पर्क करें — श्री देवेन्द्र गुप्ता सहायक संपदा अधिकारी मोबा: 8120002920 | श्री आलोक नायक उपयंत्री मोबा: 9425108893

## नशा मुक्ति के लिए चला जागरुकता अभियान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 30 जुलाई.** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाये जा रहे, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान 'नशे से दुरी है जरुरी 2.0' के समापन कार्यक्रम का आयोजन गुरूवार को शहर में किया गया। इस अभियान के अंतर्गत 131वीं वाहिनी विसबल ग्वालियर द्वारा शहर के विधायक सतीश सिकरवार ने मध्य प्रदेश पुलिस एवं पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे इस जन-जागरूकता अभियान की सराहना की। कार्यक्रम में उपसेनानी श्रीमती ऋतु केबरे, उपसेनानी अनुराग पाण्डेय, सहायक सेनानी श्रीमती शुभा श्रीवास्तव, सहायक सेनानी गुलबाग सिंह, सहायक सेनानी मुनेंद्र सिंह भदौरिया एवं वाहिनी के एड्जुटेंट राजेंद्र कुमार गुप्ता उपस्थित लगभग 270 अधिकारी एवं कर्मचारियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशामुक्त जीवन जीने तथा समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं आयोजन में निरी. पुष्पेंद्र सिंह भदौरिया, निरी. जयकरन सिंह, उनि. आनंद शर्मा उनि.शिवम् सिंह भदौरिया, सउनि. लोकेन्द्र सिंह, प्र.आर.-450 सुरेंद्र सिंह आर.-625 राहुल शिवहरे, आर0 -759 अजयदेव एवं आर. -621 सुमिर गुप्ता द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।

**OFFICE OF THE DY. GENERAL MANAGER (BI CELL-O&M)**
**M. P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.GWALIOR**
(A Govt. of M. P. Undertaking)
Phone no 9174002307 Email –dgmbicell@gmail.com

NO.DGM/BI-CELL/O&M/GWL/2026/870 — Gwalior Dated 30.07.2026

***TENDER NOTICE***

**MPMKVVCL** hereby invites bids online tender for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations.

| Name of unit/Office | Particulars | Tender Fee (In. Rs) | Last Date of Bid Submission | Bid Opening Date & Time |
|---|---|---|---|---|
| DGM (BI-CELL-O&M) GWALIOR | Hiring of Vehicle One no. bolero /Scorpio Type E, Jeep Category MUV (AC model) | 3,000/- | 06.08.2026 Up to 14:00 hrs | 07.08.2026 at 15:00 hrs |

Other details, terms and conditions are available on company website: https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in or the under signed office.

**DGM (BI-CELL-O&M) GWALIOR**

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95